परिवार, पालतू जानवर, यात्रा, रिश्ते या किसी खास उपलब्धि का कर रहे चयन


# एआइ कर रहा यादों और जीवन के अनुभवों से टैटू डिजाइन

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

**जयपुर.** टैटू की दुनिया में अब एआइ ने नया रंग भर दिया है। पहले मनपसंद टैटू डिजाइन तलाशने या कलाकार से उसे तैयार कराने में काफी समय लगता था, लेकिन एआइ अब कुछ ही मिनट्स में व्यक्ति की पसंद, यादों और जीवन के खास अनुभवों के आधार पर कई डिजाइन विकल्प तैयार कर रहा है। जयपुर के टैटू स्टूडियो में यह ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और युवा इसे अपनी अलग पहचान दिखाने का माध्यम मान रहे हैं।

टैटू आर्टिस्ट्स के अनुसार अब ग्राहक केवल आकर्षक डिजाइन नहीं, बल्कि अपने जीवन से जुड़ी कहानी को त्वचा पर उतारना चाहते हैं। वे अपने परिवार, पालतू जानवर, यात्रा, रिश्तों या किसी खास उपलब्धि को टैटू के रूप में संजो रहे हैं। एआइ आधारित टूल्स इन जानकारियों को समझकर कुछ ही मिनटों में ऐसे डिजाइन तैयार कर देते हैं, जिनमें व्यक्ति की भावनाएं और अनुभव झलकते हैं।





## प्रभावी और आकर्षक बनाना कलाकार पर निर्भर

सोशल मीडिया और डिजिटल संस्कृति के दौर में युवा भीड़ से अलग दिखना चाहते हैं। यही वजह है कि पारंपरिक डिजाइनों की जगह अब व्यक्तिगत टैटू की मांग बढ़ रही है। एआइ केवल डिजाइन तैयार करने में मदद करता है, लेकिन अंतिम टैटू को प्रभावी और आकर्षक बनाना कलाकार की समझ पर निर्भर करता है। ग्राहक अपनी पसंद, यादें, फोटो या कोई विशेष विचार साझा करते हैं, जिसके आधार पर एआइ कई डिजाइन विकल्प तैयार करता है। इसके बाद कलाकार यह तय करता है कि डिजाइन त्वचा पर कैसा दिखाई देगा, उसकी प्लेसमेंट कैसी होगी और किन बदलावों की जरूरत है।

## रचनात्मकता और अनुभव सबसे महत्वपूर्ण

एआइ, डिजाइनिंग की प्रक्रिया को आसान बना रहा है, लेकिन स्किन पर टैटू बनाते समय शरीर की बनावट, त्वचा की प्रकृति और डिजाइन की दीर्घकालिक गुणवत्ता जैसे पहलुओं का ध्यान रखना पड़ता है। यही कारण है कि अंतिम परिणाम के लिए कलाकार की रचनात्मकता और अनुभव सबसे महत्वपूर्ण रहते हैं। कुछ डिजाइन सोशल मीडिया पर साझा किए जाते हैं, जबकि अधिकांश कस्टमाइज्ड टैटू ग्राहकों की गोपनीयता के कारण सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं। टैटू केवल डिजाइन नहीं, बल्कि व्यक्ति की कहानी बनकर भी सामने आ रहा है।
**-प्रेरक,** टैटू आर्टिस्ट